लोकार्पण

बोले : जबलपुर में 20 करोड़ से बनेगा सांस्कृतिक संरक्षण केंद्र

## शहीदों की गाथा को पाठ्यपुस्तकों में किया जाएगा शामिल : मंत्री शाह

**मंत्री शाह ने दी सौगातें, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी सरकार द्वारा करवाई जाएगी, हर साल लगेगा आदिवासी मेला**



**जबलपुर।** स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान देने वाले वीर शंकर शाह और रघुनाथ शाह की गाथाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए उनके जीवन और योगदान को पाठ्यपुस्तकों में शामिल किया जाएगा। साथ ही उनके नाम पर जबलपुर में प्रतिवर्ष एक भव्य जनजातीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए 5 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। इस आयोजन में जनजातीय समाज के अन्य स्वतंत्रता सेनानियों और वीर शहीदों को भी याद किया जाएगा। यह बातें जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने रविवार को मझौली स्थित बड़ादेव देवालय और आदिवासी समाज के लिए 40.96 लाख की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण करते हुए कहीं। आगे उन्होंने कहा कि जनजातीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए जबलपुर में भी एक सांस्कृतिक संरक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा। लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस केंद्र में आदिवासी युवक-युवतियों तथा महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा और पारंपरिक संस्कृति, कला एवं लोक परंपराओं को संरक्षित करने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार जनजातीय समाज के सांस्कृतिक और सामाजिक विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार जनजातीय समाज के छात्र-छात्राओं की शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगार के लिए लगातार योजनाएं बनाई है। आदिवासी समाज में वकील और जज बनने के लिए भी क्लेट परीक्षा की तैयारी भी की जाएगी। इसके अलावा यूपीएससी पीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी सरकार द्वारा करवाई जाएगी। साथ ही जो आदिवासी बच्चे डॉक्टर, या आईआईटी, ट्रिपलआईटी की तैयारी करना चाहते है उनके लिए जबलपुर, इंदौर, भोपाल में निशुल्क तैयारी सरकार द्वारा करवाई जाएगी।

**बड़ादेव देवालय के अधूरे काम को पूरा करने घोषणा**

इस दौरान उन्होंने मंच से कहा कि सामुदायिक भवन बनाने में विधायक अजय विश्नोई का सबसे बड़ा योगदान है। साथ ही बड़ादेव देवालय के अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। विधायक अजय विश्नोई ने कहा कि गोंड समाज भारत के सबसे प्राचीन आदिवासी समाजों में से एक है। इस समाज की सबसे बड़ी विशेषता भाईचारे की भावना है।

**अग्निवीर भर्ती तैयारी की बनाई जाएगी योजना-**

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के 11 युवाओं का अग्निवीर में चयन होने पर सम्मान किया गया। साथ ही उन्होंने अपनी ओर से सभी चयनित युवाओं को 5-5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। मंत्री शाह ने कहा कि आदिवासी युवाओं को अग्निवीर भर्ती की तैयारी कराने के लिए विशेष प्रशिक्षण योजना बनाई जाएगी। यदि सेना की ओर से प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाता है तो प्रशिक्षण अवधि के दौरान युवाओं के भोजन और अन्य आवश्यक खर्च जनजातीय कार्य विभाग द्वारा वहन किए जाएंगे।

## हड़बड़ाहट में चली लाइसेंसी बंदूक से गोली, भाजपा नेत्री की मौत

**न्यू शोभापुर का मामला, छानबीन में जुटी रांझी पुलिस**



**नवभारत,जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत न्यू शोभापुर इलाके में शनिवार देर रात भाजपा नेत्री की संदिग्ध परिस्थितियों में हड़बड़ाहट में लाइसेंसी बंदूक से गोली चलने से मौत हो गई। घटना के बाद से तनाव का माहौल निर्मित हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस, एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और घटना स्थल से अहम साक्ष्य जुटाए। इसके साथ ही मर्ग कायम कर छानबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पुराना शोभापुर निवासी संगीता रजक 40 वर्ष ने पिछला नगरीय निकाय चुनाव गोकलपुर वार्ड से भाजपा के टिकट पर लड़ा था लेकिन वे हार गई थी। उनके पति जितेन्द्र रजक भी विधायक प्रतिनिधि, वीर सावरकर मंडल के उपाध्यक्ष और बूथ अध्यक्ष रह चुके हैं। पिछले माह उनके घर में हुई बमबाजी के बाद शनिवार रात करीब 1 बजे उनके घर के बाहर कुछ बदमाश इकट्ठा होकर हंगामा कर रहे थे। आधी रात को शोर-शराबा सुनकर संगीता रजक के पति घर से बाहर निकले। उन्होंने हुड़दंग कर रहे लोगों को फटकार लगाई और वहां से जाने को कहा। इसी बीच जितेन्द्र का भाई पुष्पेन्द्र रजक भी घर के बाहर जाने लगा तभी उसकी भाभी संगीता रजक कमरे से बंदूक लेकर आईं बोलीं कि बाहर पवन, प्रवीण हो सकते हैं बंदूक लेकर जाओ वो बंदूक लेकर घर के दरवाजे के पास पहुंची उसी समय गलती से उनसे फायर हो गया, बंदूक के कारतूस के छर्रे संगीता रजक के पेट में लगे और वे जमीन पर गिर पड़ीं।

**कार से अस्पताल ले जाते समय तोड़ा दम**

गोली सीधे संगीता रजक के पेट में लग ने से वे लहूलुहान हो गई थी। परिजन आनन-फानन उन्हें तुरंत गंभीर हालत में स्विफ्ट कार से नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है साथ ही रात में हंगामा करने वाले अज्ञात बदमाशों की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

**28 मई को दो भाईयों ने घर में बम फेंक फैलाई थी दहशत**

मृतका के पड़ोस में रहने वाले पवन रजक एवं प्रवीण रजक दोनों भाई आपराधिक प्रवृति के हैं जिन्होंने 28 मई को उनके घर पर सुअरमार बम फेंक कर दशहत फैलाई थी उनके आतंक से परिजन भयभीत थे और अपनी सुरक्षा के लिये उसकी लायसेंसी बंदूक 12 बोर दुनाली अपने पास रखे थे। बंदूक का लायसेंस संगीता के देवर पुष्पेन्द्र रजक के नाम पर था।

## नर्मदा नदी से अवैध रेत परिवहन : ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, चालक गिरफ्तार



**नवभारत,जबलपुर।** बरगी पुलिस ने नर्मदा नदी से अवैध रूप से रेत का परिवहन करते एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को घेराबंदी कर पकड़ा है। मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है, जबकि ट्रैक्टर का मालिक फरार हो गया है। बरगी थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि नर्मदा नदी के घाट से अवैध रेत निकालकर एक ट्रैक्टर बरगी नगर की ओर आ रहा है। सूचना पर बरगी नगर के व्हीकल मोड़ पर घेराबंदी कर दी। कुछ ही देर में सामने से एक स्वराज कंपनी का ट्रैक्टर आता दिखाई दिया, जिसकी ट्रॉली में भारी मात्रा में रेत लोड थी। पुलिस ने घेराबंदी ट्रैक्टर को रोक लिया। ट्रैक्टर रुकवाकर जब चालक रामस्वरूप भूमिया ( 46), निवासी ग्राम बसहा चौकी गौर से पूछताछ की गई। पुलिस ने जब ट्रॉली में भरी रेत के संबंध में रॉयल्टी पर्ची या परिवहन से जुड़े वैध दस्तावेज मांगे, तो चालक कोई भी कागजात पेश नहीं कर सका। पूछताछ में आरोपी चालक रामस्वरूप ने कबूल किया कि वह यह रेत नर्मदा नदी के बसहा घाट से चोरी छुपे लोड करके अवैध रूप से ऊंचे दामों में बेचने के लिए ले जा रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉली ग्राम हिनौता निवासी कौशल पटेल की है। आरोपी चालक ने बताया कि उसने यह वाहन कौशल से किराए पर लिया था, लेकिन इस किराएदारी के संबंध में भी उसके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले।? पुलिस ने रेत समेत ट्रैक्टर-ट्रॉली को तुरंत जप्त कर लिया। आरोपी ट्रैक्टर चालक रामस्वरूप भूमिया और वाहन मालिक कौशल पटेल के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## रिमझिम फुहारों के बाद उमस ने छुड़ाए पसीने



**जबलपुर।** शहर में रविवार को मौसम के दो अलग-अलग रंग देखने को मिले। सुबह की शुरुआत तीखी धूप और चुभती गर्मी के साथ हुई, लेकिन दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट बदल ली। दोपहर में आसमान में घने काले बादल छा गए और देखते ही देखते रिमझिम बारिश शुरू हो गई। हालांकि, इस बारिश ने लोगों को राहत देने के बजाय मुश्किलें और बढ़ा दीं। कुछ देर बरसने के बाद पानी तो रुक गया, लेकिन इसके तुरंत बाद हवा थमने से उमस और गर्माहट बढ़ गई जिसने लोगों के पसीने छुड़ा दिए। उधर मौसम विभाग ने सक्रिय मौसम प्रणालियों के असर से येलो अलर्ट जारी किया है इस दौरान आंधी चलने की चेतावनी दी गई है। 40 से 50 किमी की रफ्तार से हवाएं चल सकती है। इसके साथ ही गरज चमक के साथ बारिश होने की उम्मीद है।

**सुबह सूरज के तेवर कड़े, ढाई बजे छाए बादल**

रविवार सुबह से ही सूरज के तेवर कड़े थे, जिससे लोग बेहाल थे। दोपहर करीब 2:30 बजे अचानक हवा का रुख बदला और आसमान में बादलों की आवाजाही शुरू हो गई। देखते ही देखते घने बादलों ने सूर्यदेव को पूरी तरह से ढक लिया। इसके तुरंत बाद रिमझिम बारिश शुरू हो गई। बारिश रुकते ही वातावरण में मौजूद नमी और सूखी जमीन पर पानी पड़ने से तीखी भाप उठने लगी। भाप उमस में बदल गई। इसके बाद गर्मी का अहसास इतना बढ़ गया कि लोग पसीने से तर-बतर हो गए। कूलर और पंखे भी इस उमस भरी गर्मी के आगे बेअसर साबित हो रहे थे।

**ऐसा रहा तापमान**

रविवार को अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 2 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री पर पहुंच गया जो सामान्य से 1 डिग्री कम रहा। सुबह के वक्त आद्रता 54 और शाम को 44 प्रतिशत दर्ज की गई। उत्तर-पश्चिमी हवाएं 5 से 6 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली।

## मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पर्यावरण बैठक आयोजित



**नवभारत, जबलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव राजेश श्रीवास और नगर सचिव के. के. मिश्रा के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। पर्यावरण पर विचार रखते हुए राजेश श्रीवास ने कहा कि झाड़ प्लाट और रोड बनाने के नाम पर काटे जा रहे हैं, जबकि डिवाइडरों में लगे हुए पौधों की सिंचाई और देख-रेख नहीं हो रही है। के. के. मिश्रा ने कहा कि स्वास्थ्य बेहतर रखने के लिए पर्यावरण को भी ठीक रखने की मांग करनी होगी। वहीं नगर उपाध्यक्ष हुकुमचंद जैन ने कहा कि पेड़-पौधे लगाकर पर्यावरण सुरक्षित रखें ताकि हमारा स्वास्थ्य भी सुरक्षित रहे, इसलिए सभी को पेड़ लगाना चाहिए। इस बैठक में कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष नारायण गुप्ता, रवि राय, वरिष्ठ नेता पप्पी दुबे, जगदीश दाहिया, प्रकाश उपाध्यक्ष, कुशल मिश्रा, सुदामा, अशोक झारिया आदि नेता उपस्थित रहे।

## मछलियों से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, केबिन में दबने से एक की मौत

**रमनपुर घाटी के समीप हुआ हादसा**

**जबलपुर।** बरगी थाना अंतर्गत रमनपुर घाटी के पास रविवार शाम मछलियों से लदा एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर अचानक पलट गया। इस हादसे में ट्रक के केबिन के भीतर बुरी तरह दबने से एक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, वाहन चालक को मामूली चोटें आई हैं। टीआई नीलेश दोहरे ने बताया कि आंध्र प्रदेश से बिहार की ओर मछलियों से लदा ट्रक क्रमांक एपी 16 टीएच 2439 जा रहा था। ट्रक काफी तेज गति में था। रविवार शाम करीब 6 बजे जैसे ही ट्रक रमनपुर घाटी के मोड़ पर पहुंचा तभी चालक नियंत्रण खो बैठा, जिससे गाड़ी पलट गई। हादसे में ट्रक में दबने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई जबकि चालक घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस



तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद केबिन में फंसे शव को बाहर निकाला। पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर दुर्घटनाग्रस्त ट्रक के चालक अन्नथा वेंकटेश्वर राव ने बताया कि वह मृतक को व्यक्तिगत रूप से नहीं जानता है। आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा रोड पर अज्ञात व्यक्ति ने उससे खाना मांगा था। खाना खाने के बाद वह व्यक्ति ट्रक में साथ चलने के लिए राजी हो गया और केबिन में बैठ गया। इसके अलावा चालक के पास मृतक की कोई जानकारी नहीं है। मृतक के पास से कोई भी पहचान पत्र या दस्तावेज बरामद नहीं हुआ है, जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पंचनामा के बाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज की मर्चुरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस अब हुलिए के आधार पर मृतक की शिनाख्त की कोशिश कर रही है। इसके साथ ही थानों में दर्ज गुमशुदगी रिकॉर्ड को खंगालने के साथ मृतक की फोटो अन्य थानों में भी शेयर की गई है।

## जबलपुर में इंदौर के युवक से 2 लाख लूटे, फिल्मी अंदाज में आंखों पर मिर्च झोंकी, चाकू अड़ा की वारदात

**नवभारत, जबलपुर।** पाटन बायपास सर्विस रोड पर बाइक सवार बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में इंदौर से उधारी के पैसे वसूलने आए एक युवक की आंखों में मिर्च पाउडर झोंककर, मारपीट कर बदमाश 2 लाख से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। माढ़ोताल पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक अभय कुमार सिंह (25), निवासी मूलत: बिहार का लसुड़िया, इंदौर रहता है और एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। वह 6 जून को अपने दोस्त लखन चौरसिया के साथ जबलपुर आया था। यहां वे पाटन बायपास पर रहने वाले अपने एक दोस्त पीयूष पटेल के जीजा के घर रुके। इसके बाद दोनों मझौली गांव गए और वहां बचैया तिराहा निवासी व्यापारी वीरेंद्र कुमार नेमा से व्यापार के उधारी के 2 लाख (500 के नोटों की 4 गड्डियां) लेकर वापस लौटे। पैसे लेकर लौटने के बाद अभय के पास उसके दोस्त पीयूष का फोन आया कि एक लड़का उसका कोई सामान लेकर आ रहा है, उसे भी साथ रख लेना। कुछ देर बाद एक



अज्ञात लड़का बाइक से आया और पॉलिथीन का पैकेट दिया। अभय ने वह पैकेट भी 2 लाख वाले काले रंग के पिट्ठू बैग में रख लिया। जब पीड़ितों ने इंदौर जाने के लिए बस स्टैंड का रास्ता पूछा, तो उस बाइक सवार लड़के ने कहा, चलो, मैं छोड़ देता हूं। दोनों दोस्त उसकी बाइक पर बैठ गए और वह जानबूझकर उन्हें सुनसान सर्विस लाइन से ले जाने लगा।

**नाकेबंदी हुई फेल, प्रकरण दर्ज**

पुलिस ने नाकेबंदी की लेकिन लुटेरे भाग गए निकले। पुलिस प्रकरण दर्ज कर पतासाजी कर रही है। सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे है। इसके साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एएसपी क्राइम जितेन्द्र सिंह और सीएसपी माढ़ोताल बी.एस. गोठरिया के मार्गदर्शन में माढ़ोताल थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह पवार के नेतृत्व में टास्क फोर्स बनाई गई है।

**मिर्च अटैक कर गिराया, पीटा, बैग छीन भागे**

शाम करीब 7:30 बजे जैसे ही बाइक सर्विस लाइन पर पहुंची, पीछे से सफेद रंग की एक्टिवा पर 3 अज्ञात नकाबपोश बदमाश आए। बदमाशों ने चलते वाहन पर अभय और लखन की आंखों में सीधे मिर्च पाउडर फेंक दिया। बाइक अनियंत्रित होकर गिरी और सब जमीन पर आ रहे। पीड़ित संभलकर भागने लगे, तभी पीछे से एक और बदमाश आया। उसने अभय को दबोचकर चाकू अड़ा दिया। बदमाशों ने दोनों को जमकर पीटा और 2 लाख नगद समेत जरूरी दस्तावेजों से भरा काला बैग छीनकर रफूचक्कर हो गए।

## मां-बेटे समेत पड़ोसी पर हमला

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत कोष्टा मोहल्ला में बदमाशों ने मां-बेटे समेत पड़ोसी पर हमला कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक नीरज यादव 31 वर्ष निवासी कोष्टा मोहल्ला गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह नैक्शा वर्कशॉप में काम करता है बीती रात लगभग 10 अपने घर में मोबाइल में गेम खेल रहा था मोहल्ले में झगड़े की आवाज आने पर बाहर आकर देखा हितकारिणी स्कूल के पास रहने वाला बंटी एवं चौधरी मोहल्ला निवासी बम्बू, अम्बर व अन्य साथी उसके पड़ोसी साहिल सेन से शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांग रहे थे, साहिल ने पैसे देने से मना किया तो सभी साहिल के साथ विवाद करते हुये हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे, साहिल की मॉ कल्पना सेन घर से बाहर आकर बीच बचाव करने लगीं तो उनके साथ भी मारपीट की वह बीच बचाव करने लगा तो उसके साथ बंटी, बम्बू, अम्बर एवं उनके साथी मारपीट करने लगे बंटी ने धारदार हथियार से हमला कर वायें हाथ की हथेली में चोट पहुँचा दी।

## शादी के लिए लोन के चक्कर में सेल्समैन से 1.19 लाख की ठगी

**नवभारत,जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत दुर्गा कॉलोनी में बहन की शादी के लिए लोन, पैसों का इंतजाम करने के चक्कर में सेल्समैन जालसाजों के जाल में फंस गया और 1.19 लाख की ठगी का शिकार हो गया। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, दुर्गा कॉलोनी घमापुर निवासी 23 वर्षीय साहिल विश्वकर्मा पेशे से सेल्समैन है। घर में बहन की शादी होने के कारण उसे पैसों की सख्त जरूरत थी। साहिल ने ऑनलाइन लोन के लिए बजाज फाइनेंस के ऑफिशियल मोबाइल एप्लीकेशन पर अपनी क्वेरी दर्ज की थी। ऐप पर प्रोसेस पूरा करते ही उसका डेटा साइबर ठगों के पास पहुंच गया। लोन की क्वेरी करने के ठीक बाद, 27 मई को साहिल के मोबाइल पर राजगोपाल कुंदन नाम के व्यक्ति का फोन आया। उसने साहिल से लोन एप्लीकेशन आईडी व्हाट्सएप पर मांगी। इसके तुरंत बाद एक दूसरे नंबर से कॉल आया और लोन अप्रूवल के नाम पर साहिल से उसका आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक की फोटोकॉपी और फोटो व्हाट्सएप पर ले ली गई।

**व्हाट्सएप पर मंगाए डॉक्यूमेंट्स, भेजा फर्जी ईएमआई चार्ट**

साहिल ने जब 3 लाख के लोन की जरूरत बताई, तो ठगों ने उसे झांसा देने के लिए एक फर्जी ब्याज दर और ईएमआई का चार्ट भी व्हाट्सएप पर भेज दिया। साहिल को झांसे में लेने के बाद आरोपी राजगोपाल कुंदन ने लोन प्रोसेस करने के नाम पर 2,550 की मांग की। ठग ने साहिल के मोबाइल पर एक क्यूआर कोड भेजा, जिस पर साहिल ने गूगल पे के जरिए पैसे ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद आरोपी ने कहा कि थोड़ी देर में बैंक से वेरिफिकेशन कॉल आएगा।

कुछ ही देर बाद साहिल के पास एक नए नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का मैनेजर बताया। उसने कहा, आपका 3 लाख का लोन अप्रूव हो गया है, लेकिन इसे खाते में रिलीज करने के लिए फाइनेंस और फाइल चार्ज जमा करना होगा। लोन मिलने की उम्मीद में साहिल आरोपियों के झांसे में आता गया और उसने अलग-अलग बार में कुल 1,16,642 ठगों के क्यूआर कोड पर ट्रांसफर कर दिए। जब खाते में लोन की रकम नहीं आई और आरोपियों ने और पैसों की डिमांड शुरू कर दी, तब साहिल को ठगी का अहसास हुआ। जिसके बाद उसने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

## 3 लाख का सरिया ले उड़े चोर

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अंतर्गत तेवर से 90 बंडल लोहे के सरिया कीमती लगभग 3 लाख रूपये के अज्ञात चोर चुराकर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक कमलेश अवस्थी 52 वर्ष निवासी पनागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि लगभग 10 वर्ष से आदिनाथ स्टील्स ग्राम तेवर में मैनेजर के पद पर कार्यरत है, वह आदिनाथ स्टील्स में कार्य देख रहा था उसे लगातार स्टील्स के कैम्पस में रखे लोहे की सरिया के बंडल कम होते दिखे उसनेकेम्पस में रखे लोहे के सरिया के बंडलों की गिनती करने पर 90 बंडल सरिया कम पाये गये जिसकी जानकारी मालिक अशोक कुमार जैन को दी। कोई अज्ञात चोर आदिनाथ स्टील्स केम्पस से 90 बंडल लोहे के सरिया कीमती लगभग 3 लाख रूपये चोरी कर ले गया है।

समीक्षा

निगमायुक्त ने की अमृत फेस 2.0 के कार्यों की समीक्षा

## मरम्मत कार्यों को बारिश के पहले करें पूरा : निगमायुक्त

**नवभारत,जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने अमृत फेज 2.0 के अंतर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक में निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानसून आगमन के पूर्व पेयजल वितरण संबंधी शहर के जिन जिन क्षेत्रों में कार्य हो रहे हैं उन क्षेत्रों में री स्टोरेशन के कार्यो को पूर्ण कराएं। इसके साथ-साथ उन्होंने निर्देश दिये कि जिन क्षेत्रों में पाइप लाइन विस्तारीकरण एवं जलप्रदाय योजना के तहत् कार्य किये जा रहे हैं। उन क्षेत्रों में भी आवागमन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए शीघ्रता और गुणवत्ता के साथ री-स्टोरेशन कार्यो को पूर्ण कराएं।



आगामी वर्षाऋतु को ध्यान में रखते हुए निगमायुक्त ने अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देश दिये हैं कि नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी निर्माण और मरम्मत कार्यों को बारिश शुरू होने से पहले पूरा करें। उन्होंने यह भी कहा कि शहर के अन्य प्रमुख और संवेदनशील क्षेत्रों में चल रहे बुनियादी ढांचे के कार्यों को भी समय रहते पूर्ण करने को कहा, ताकि मानसून के दौरान जनता को किसी भी तरह की जलभराव या आवागमन की समस्या का सामना न करना पड़े।

**ठेकेदारों के काम की करें प्रतिदिन मॉनीटरिंग**

बैठक के दौरान निगमायुक्त ने केवल काम को जल्दी खत्म करने पर ही नहीं, बल्कि उसकी मजबूती पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि काम की गति के साथ-साथ उसकी गुणवत्ता भी उच्च स्तरीय होनी चाहिए ताकि स्थायी रूप से काम दिखाई दे सके। आयुक्त ने मैदानी अधिकारियों को लगातार साइट विजिट करने और ठेकेदारों के काम की दैनिक मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त अरविंद शाह एवं अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव के साथ अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।